◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

RAJASTHAN | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 14 नवम्बर 2026

स्थानीय

जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने मूलाना दवाडा में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया



जैसलमेर के विधायक छोटूसिंह भाटी ने आज मूलाना दवाडा में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया।

इस अभियान के दौरान उन्होंने क्षेत्र के निवासियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं पर चर्चा की।

भाटी ने बताया कि इस प्रकार के जनसंपर्क से सरकार की योजनाओं की जागरूकता बढ़ती है और लोगों की शिकायतें सीधे उनके पास पहुँचती हैं।

अभियान के अंत में उन्होंने निवासियों को आश्वासन दिया कि वे उनकी समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुँचाएँगे और समाधान के लिए कार्यवाही करेंगे।

— Swaroop Singh

यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया

😭ये घटना मतोड़ा ओसियां की बताई जा रही है। मृतक व्यक्ति सीकर जिले का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि हादसा आज सुबह करीब 5 बजे हुआ, जिसमें व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला से

— Manohar Singh

महावीरजी मंदिर के निर्माता जोधराज दीवान की जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा, तपस्वियों और प्रतिभाओ ं का होगा सम्मान

हिंडौन सिटी | श्री जैन श्वेतांबर पल्लीवाल महासंघ के तत्वावधान में 14 नवंबर को महावीरजी मंदिर के निर्माता जोधराज दीवान की जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह की शुरुआत सुबह 9 बजे शोभायात्रा के साथ होगी। इसम े ं जैन समाज के महिला-पुरुष और बच्च े गाजे-बाज े के साथ जयकारे लगाते हुए बड ़

— Vipin Singhal

भगवान नृसिंह की 17वीं पदयात्रा 14 को निकलेगी



डौनसिटी | भगवान नृसिंह जी की 17वीं पदयात्रा 14 नवंबर को नई मंडी स्थित शिवालय से निकाली जाएगी। पदयात्रा को सुबह 8 बज े नगर परिषद सभापति विजय कुमारी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। भक्तमंडल के डॉ. राजेंद्र अग्रवाल और नरेश रीठौली ने बताया कि पदयात्रा और

छप्पन भोग के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पदयात्रियों की वापसी के लिए निशुल्क वाहनों की व्यवस्था भी रहेगी। आयोजन में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमे ं बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। भंडारे और छप्पन भोग की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में व्यवस्थाओं पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में बलबीर चतुर्वेदी, महेश टोडुपुरा, उत्तम

जैन, कैलाश डिश, डॉ. राजेंद्र अग्रवाल, नरेश रीठौली, अनिल पंडित, कपूर गोयल, रामनिवास, विजय झगड ू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

— Vipin Singhal

प्रहलाद कुंड वार्ड 50 मे ं बाबा श्याम का जागरण



प्रहलाद कुंड वार्ड नंबर 50 में स्थित एक स्कूल मे ं बुधवार रात 8 बज े से बाबा श्याम का जागरण हुआ। आयोजन श्याम सखा परिवार ने किया। बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए।

कार्यक्रम मे ं मुख्य अतिथि सभापति प्रतिनिधि दिलीप चतुर्वेदी रहे। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश चंद सैनी मौजूद रहे।

पार्षद मुकेश चंद सैनी पहुंचे। पार्षद प्रतिनिधि ब्रह्मसिंह गुर्जर शामिल हुए। सभी अतिथियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। श्याम बाबा का पट्टा और तस्वीर भेंट की गई।

आयोजन स्थल को रंग-बिरंग े गुब्बारों और झालरों से सजाया गया। इत्र वर्षा आकर्षण रही। बाबा श्याम का दरबार सजाया गया। ज्योत जलाई गई। जयपुर की भजन गायिका मीनू जायसवाल और शेखर मधुर ने भजन सुनाए। सवाई माधोपुर के सोनू गोयल ने प्रस्तुति दी। मथुरा की करिश्मा वर्मा ने भजन गाए। हिंडौन के अंकित राजस्थानी ने भी भजन सुनाए। भजनो ं पर भक्त देर रात तक झूमते

— Vipin Singhal

बरगमां रोड बलभद्र हनुमान मंदिर में अन्नकूट आज, संदरकांड के पाठ होंगे



हिंडौनसिटी | बरगमां रोड स्थित बलभद्र हनुमानजी मंदिर पर हर साल की तरह इस बार भी 10वां अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। देवराज अवस्थी ने बताया कि बरगमां रोड बाइपास पर बलभद्र हनुमानजी का विशेष चौला होगा। अन्नकूट प्रसादी मे ं खीर, पुआ, बाजरा, कड़ी, सब्जी का भोग लगाया जाएगा। सुबह 8 बज े से सुंदरकांड का पाठ होगा। दोपहर 2 बज े से प्रसादी शुरू होगी।

— Vipin Singhal

राजगीर-अहमदाबाद अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलेगी: 14 नवंबर को राजगीर से रवाना होगी, बयाना और हिंडौन सिटी समेत कई स्टेशनो ं पर रुकेगी



त्योहारी सीजन मे ं यात्रियो ं की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने राजगीर और अहमदाबाद के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलान े का फैसला किया है। इस ट्रेन का कोटा मंडल के बयाना, हिण्डौन सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी और भवानी मंडी स्टेशनो ं पर ठहराव रहेगा। इसस े इन स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

14 नवंबर को राजगीर से रवाना होगी ट्रेन

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि ट्रेन नंबर 09448 राजगीर-अहमदाबाद अनारक्षित स्पेशल 14 नवंबर, शनिवार को दोपहर 2:45 बज े राजगीर से रवाना होगी। यह ट्रेन 15 नवंबर, रविवार को कोटा मंडल के विभिन्न स्टेशनो ं से होकर गुजरेगी।

कोटा मंडल के स्टेशनो ं पर यह रहेगा समय

ट्रेन 15 नवंबर को बयाना स्टेशन पर सुबह 11:28 बज े पहुंचेगी। इसके बाद हिण्डौन सिटी मे ं सुबह 11:55 बजे, सवाई माधोपुर में दोपहर 1:54 बजे, कोटा में दोपहर 3:

— Vipin Singhal

हिंडौन में दो भाइयो ं पर चाक ू से हमला: एक के पेट मे ं गहरा घाव, रेफर किया; बच्चों के झगड़ े को लेकर हुआ था विवाद




हिंडौन सिटी मे ं महवा मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज के नीच े

गुरुवार रात करीब 8 बज े झगड़ े के दौरान चाक ू से हमला हुआ। इसम ें उत्तर प्रदेश के अलीगढ ़ निवासी दो सग े भाई घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया।

ड्यूटी डॉक्टर मनोज जांगिड़ ने बताया घायलों की पहचान अजय कुमार (20) और उनके भाई कुलजीत (18) के रूप में हुई है। अजय के पेट मे ं चाक ू से गहरा घाव था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें दूसरे अस्पताल रेफर किया गया।

— Vipin Singhal

आन े से युवक की मौत: हिंडौन स्टेशन पर प्लास्टिक की बोतलें इकट्ठा कर रहा था



हिंडौन रेलवे स्टेशन की डाउन लाइन पर गुरुवार सुबह करीब 10 बज े राजधानी एक्सप्रेस की चपेट मे ं आन े से एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान दूसरे दिन हुई।

जीआरपी चौकी प्रभारी एएसआई जितेंद्र सिंह ने बताया- मृतक की पहचान ताली निवासी बाब ू सिंह (35), पुत्र भग्गो सिंह के रूप मे ं हुई। उनके भाई भरत सिंह ने शव की पहचान

— Vipin Singhal

अंकिता यादव बनी डीग जिले की सबसे कम उम्र की सरपंच



21 साल की अंकिता यादव बनीं डीग जिले की सबसे युवा बेरू पंचायत की सरपंच चुनी गई, अंकिता यादव जयपुर में कर रहीं आर्किटेक्चर की पढ़ाई।

— Rohitash Kumar, अलवर

पदभार ग्रहण समारोह 14/10/2026 शनिवार



Writing

हार्दिक आमंत्रण एवं सादर निमंत्रण

ग्राम पंचायत आमलिया, तहसील बाली, जिला पाली

ग्राम पंचायत आमलिया के लिए यह हर्ष एवं गौरव का अवसर है कि नवनिर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों का पदभार ग्रहण एवं स्वागत समारोह शनिवार, दिनांक 14 नवंबर 2026 को आयोजित किया जा रहा है।

इस शुभ अवसर पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का विवरण:

नवनिर्वाचित सरपंच – श्रीमती बदिया देवी रतन मीणा

सरपंच प्रतिनिधि – श्री रतन जी मीणा

नवनिर्वाचित उपसरपंच – श्रीमती सविता कुमारी

उपसरपंच प्रतिनिधि – श्री काना राम देवासी

समस्त नवनिर्वाचित वार्ड पंचगण

इस गरिमामयी समारोह में ग्राम के समस्त गणमान्य नागरिकों, माताओं-बहनों, युवा साथियों एवं समस्त ग्रामवासियों से सपरिवार पधारकर समारोह की शोभा बढ़ाने का सादर अनुरोध है।

आइए, इस नए कार्यकाल का शुभारंभ आपसी सहयोग, एकता और ग्राम विकास की भावना के साथ करें।

आपकी उपस्थिति ही हमारा सम्मान है।

सादर आमंत्रण समस्त ग्रामवासी – ग्राम पंचायत आमलिया

— Vijay Kumar

भीकमकोर में थार और लोडिंग टैक्सी के टक्कर से दो गंभीर घायल



भीकमकोर गाँव के मूकेश टी स्टोल के सामने थार (रजिस्ट्रेशन 26BH 3545G) और लोडिंग टैक्सी (रजिस्ट्रेशन RJ 43GB 0881) के बीच टक्कर हुई। टक्कर के परिणामस्वरूप थार वाहन पूरी तरह नष्ट हो गया और लोडिंग टैक्सी पलट गई।

टक्कर में दो व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईं। घायल लोगों को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से जाँच कर जोधपुर के अस्पताल में रेफ़र किया गया।

जोधपुर के चिकित्सकों ने बताया कि दोनों के स्वास्थ्य की स्थिति गंभीर है और उन्हें आपातकालीन उपचार दिया जा रहा है।

पुलिस ने दुर्घटना स्थल का सर्वेक्षण किया और दुर्घटना के कारणों की जांच जारी कर दी है।

— Surendra Prajapat


राव समाज का 16वे राव जागीरदार सिरदार मैच कोरटा में हुआ वह समाज के लोगों ने किया बहिस्कार



RPL 16 वा राव जागीरदार सिरदार जो कोरटा में जो मैच हुआ वह मैच सभी राव बहिस्कार किया आबूरोड से संवाददाता चन्दन सिंह राव कारोली आबूरोड सिरोही जो मैच राव जागीरदार समाज का कोरटा गाँव में तीन दिवसीय 11 नवम्बर 26 से 13 नवम्बर 26 को हुआ वह मैच में फ़ाइनल मैच में मंधर गाँव की टीम ने 91 रन बनाकर कारोली टीम को 92 रन का टारगेट दिया गेम की अंतिम सरण में मैच टाइडर हुआ दोनों एम्पायर का निर्णय अलग अलग बताया जिसमे दोनों टीमों में विवाद का कारण बना लेकिन सही निर्णय न ले पाए तो एम्पायर ने एक सुपर ओवर करने को कहा तो मंधर की टीम ने सुपर ओवर खेलने से इंकार किया काफी टाईम के बाद कोरटा गाँव के कमेटी मेंबरो ने गलत फैसला लेते हुऐ मंधर टीम को विजेता घोसित कर दिया तो टीम कारोली व टीम कोड़िटा ने ट्रॉफी लेने से इंकार किया और समाज के जाणमान्य नागरिकों ने मैच का बहिस्कार करते हुऐ! यह निर्णय लिया है की समाज के किसी भी के टीम /गाँव के लोगों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए अत राव समाज ने यह टूर्नामेंट को बहिस्कार करते हुऐ 2027 में अगला टूर्नामेंट कोड़िटा गाँव में होगा यह वीडियो में एम्पायर का फैसले को कमेटी ने किया रद और कमेटी ने मंधर को विजेता घोषित किया

— Chandan Singh

थाना राजाखेडा की बड़ी कार्रवाई: तीन दिन में चोरी हुई सरकारी इंसास राइफल बरामद, आरोपी गिरफ्तार



थाना राजाखेडा की बड़ी कार्रवाई: तीन दिन में चोरी हुई सरकारी इंसास राइफल बरामद, आरोपी गिरफ्तार,

राजाखेडा। थाना पुलिस ने आरएसी पोस्ट से चोरी हुई सरकारी इंसास राइफल व कारतूसों का तीन दिन के अंदर खुलासा कर लिया है। इस मामले में आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से इंसास राइफल व 5 कारतूस बरामद किए गए। इसी दौरान हत्या के आरोपी हरीशंकर को भी गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की गई। राजाखेड़ा थानाधिकारी वीर सिंह ने बताया कि

पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज प्रीति चंद्रा, पुलिस अधीक्षक धौलपुर विकास सांगवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा तथा सीओ मनिया खलील अहमद के निर्देशन में गठित टीम ने यह सफलता हासिल की।

थानाधिकारी ने बताया कि 7 नवंबर 2026 को दिन करीब 11 बजे समौना स्कूल आरएसी पोस्ट (चंबल घाट कैम्प) से सचिन, संतोष व ऋषि ने आरएसी 14वीं बटालियन कोटा के कांस्टेबल अजय विश्नोई की इंसास राइफल व 20 कारतूस चोरी कर लिए थे। इस पर थाना राजाखेडा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान कांस्टेबल हरिओम व दशरथ की सूचना पर सचिन पुत्र कमल सिंह, निवासी मनसुखपुरा थाना मनसुखपुरा जिला आगरा (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से इंसास राइफल व 5 कारतूस जब्त कर लिए गए। शेष आरोपियों व कारतूसों की तलाश जारी है।

— Jaypal Singh

थाना राजाखेड़ा पुलिस ने हत्या के आरोप में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



हत्या का मामला-:

थानाधिकारी वीर सिंह ने बताया कि 6 नवंबर 2026 को शाम करीब 7 बजे अंबरपुर निवासी रवींद्र को बुलाकर हरीशंकर पुत्र कैलाशी निवासी अंबरपुर वार्ड नंबर 4 ने पुरानी रंजिश के चलते कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सिर पर कुल्हाड़ी लगने से रवींद्र सिंह की मौके पर मृत्यु हो गई। आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया।

इस पर मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में आरोपी हरीशंकर को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी बरामद की गई। जांच जारी है।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में

थानाधिकारी वीरसिंह, सहायक उपनिरीक्षक श्यामसुंदर, चरन सिंह, हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह, कांस्टेबल हरिओम, दशरथ, सोनू, गौरव तथा चालक कांस्टेबल रामपाल शामिल रहे।

— Jaypal Singh

यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया



आज आपको खबर दिखाते हैं यह खबर उनावडा से पली रोड पर एक गाड़ी पलट गई सलामत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ समय रहते हुए ड्राइवर बाहर निकल गया कहीं आस पास के लोग वहां आ गए देखते देखते लोग भीड़ जमा हो गई गाड़ी उनावडा की बताई जा रही है यह खबर वहां मौजूद लोगों ने बताया

— Manohar Singh

राजनीति

हनुमानगढ़ में पंचायती राज चुनाव: 14-नवम्बर को जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान



हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से मतदान दलों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और अन्य मतदान सामग्री सौंपकर उन्हें निर्धारित मतदान केंद्रों की ओर रवाना किया गया। सभी दल दोपहर तक अपने-अपने केंद्रों पर पहुँच कर मतदान से पूर्व की तैयारियाँ पूरी कर चुके थे।

डॉ. खुशाल यादव ने बताया कि हनुमानगढ़ टाउन, संगरिया, टिब्बी और रावतसर पंचायत समितियों के सदस्य पदों तथा इन क्षेत्रों से संबंधित जिला परिषद जोन के सदस्य पदों के लिए 14 नवंबर को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। शांतिपूर्ण प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिये पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

इसके बाद 16 नवंबर, सोमवार को इन चार पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिए मतदान होगा, और अगले दिन उपसरपंच पद के लिए चुनाव निर्धारित है। इस अवसर पर एसपी श्री बी. आदित्य तथा एडीएम श्री उम्मेदी लाल मीना उपस्थित रहे।

यह चुनाव पंचायती राज संस्थाओं के चौथे चरण के अंतर्गत आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य स्थानीय शासन को सुदृढ़ करना और जन प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना है। सभी पक्षों ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान की आशा व्यक्त की है।

— Yash karyani

एटीएम पर लूट की वारदात का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



एटीएम पर लूट की वारदात का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

करीब 40 हजार रुपये, 300 एटीएम कार्ड और मोबाइल लूटने का आरोपी विक्रम गुर्जर गिरफ्तार

दौसा। पुलिस थाना कोतवाली दौसा की टीम ने एटीएम पर लूट की वारदात के मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी विक्रम गुर्जर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर करीब 40 हजार रुपये नकद, 300 एटीएम कार्ड और मोबाइल लूटने का आरोप है।

जिला पुलिस अधीक्षक दौसा कुंदन कंवरिया आईपीएस के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा शंकरलाल मीणा आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी दौसा कपिल गुप्ता आरपीएस के सुपरविजन में थाना प्रभारी भगवान सहाय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

घटना का विवरण

पुलिस के अनुसार, दिनांक 1 नवंबर 2026 को परिवादी रणधीर सिंह चौहान पुत्र विजेंद्र सिंह, निवासी सोमनाथ नगर, गणेशपुरा रोड दौसा ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह गणेशपुरा रोड स्थित FINDI ATM पर गार्ड एवं ऑपरेटर का कार्य करता है।

परिवादी ने बताया कि 28 अक्टूबर 2026 की रात करीब 10:42 बजे वह एटीएम पर ऑपरेटर का काम कर रहा था। इसी दौरान चार नकाबपोश व्यक्ति डंडे लेकर एटीएम में घुस आए तथा उसे धक्का देकर और धमकाकर उसका मोबाइल फोन Vivo Y29, एटीएम में कैश लोडिंग के लिए रखे करीब 40 हजार रुपये और इंडसइंड बैंक के लगभग 300 एटीएम कार्ड लूटकर ले गए। ये कार्ड व्हाइट लेबल एटीएम में लेनदेन के लिए रखे हुए थे।

इस संबंध में पुलिस थाना कोतवाली में एफआईआर नंबर 527/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस ने जांच एवं अनुसंधान के आधार पर आरोपी विक्रम सिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस द्वारा अग्रिम अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तार आरोपी का नाम-पता

विक्रम सिंह गुर्जर पुत्र राजाराम गुर्जर, उम्र 32 वर्ष, निवासी झालरा का बास, दौसा।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम

1. सत्यवीर सिंह, उपनिरीक्षक, थाना कोतवाली दौसा।

2. विजय, हेड कांस्टेबल नंबर 43।

3. मिठ्ठालाल, कांस्टेबल नंबर 556।


4. चिरंजीलाल, कांस्टेबल नंबर 540।

5. कुम्हेर, कांस्टेबल नंबर 1294।

6. मनोहर, कांस्टेबल नंबर 850।

— Suraj Poswal

मंदिर से चांदी का मुकुट और छत्र चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



मंदिर से चांदी का मुकुट और छत्र चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मंदिरों से मूर्तियों के मुकुट एवं छत्र चोरी करने का आदतन अपराधी गिरफ्तार, आरोपी के कब्जे से चांदी का छत्र व मुकुट बरामद।

दौसा। सिकंदरा थाना पुलिस ने मंदिर में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चांदी का मुकुट और छत्र चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया चांदी का छत्र एवं मुकुट बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी मंदिरों से मूर्तियों के मुकुट एवं छत्र चोरी करने का आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ दौसा, जयपुर एवं सवाई माधोपुर जिलों में चोरी व नकबजनी के कुल 13 प्रकरण दर्ज हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया आईपीएस के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा शंकर लाल मीना आरपीएस तथा वृत्ताधिकारी मानपुर अशोक कुमार मीना आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में सिकंदरा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

घटनाक्रम

पुलिस के अनुसार 12 नवंबर 2026 को परिवादी धर्मदास महाराज पुत्र ब्रजलाल गुर्जर, निवासी खदराया, थाना भुसावर, जिला भरतपुर, हाल महंत कुटिया वाले बालाजी ईंटका ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि वह ईंटका-गीजगढ़ रोड स्थित बालाजी मंदिर में सेवा-पूजा करते हैं। उन्होंने सुबह करीब 5 बजे पूजा-पाठ किया था। दोपहर करीब 2 बजे जब वे प्रह्लाद तंवर के साथ मंदिर पहुंचे तो एक व्यक्ति मंदिर के गेट से प्लास्टिक की थैली लेकर बाहर आता दिखाई दिया।

संदेह होने पर जब उससे थैली में रखे सामान के बारे में पूछा गया तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। मंदिर के अंदर जाकर देखने पर मूर्ति से चांदी का छत्र और चांदी का मुकुट गायब मिला। इस पर महंत और उनके साथी ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने लगा। उसने मोटरसाइकिल स्टार्ट कर भागने की कोशिश की, लेकिन मोटरसाइकिल स्टार्ट नहीं हुई। इसी दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से उसे चांदी के छत्र और मुकुट सहित पकड़ लिया गया।

इस संबंध में थाना सिकंदरा में प्रकरण संख्या 486/2026 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

पुलिस कार्रवाई

घटना की सूचना मिलने पर सिकंदरा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहां ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम मुकेश नाथ बताया। पुलिस ने अनुसंधान के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी किया गया चांदी का छत्र एवं मुकुट बरामद किया गया।

पुलिस आरोपी से अन्य मंदिरों में हुई चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। ### आरोपी के कब्जे से चांदी का छत्र, मुकुट एवं वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया चांदी का छत्र और मुकुट बरामद कर लिया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तार आरोपी का नाम-पता

मुकेश नाथ पुत्र मोतीलाल, जाति योगी, उम्र 38 वर्ष, निवासी तलावगांव, थाना लालसोट, जिला दौसा।

विशेष विवरण

चोर है। उसके खिलाफ अब तक चोरी एवं नकबजनी के करीब 13 प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी दिन के समय मंदिर में भक्त बनकर तथा पूजा-पाठ करने के बहाने अकेले प्रवेश करता है। पूजा-पाठ करने के बाद मंदिर के पुजारी एवं अन्य सेवादारों की नजर बचाकर मूर्तियों पर लगे चांदी के छत्र, मुकुट आदि चोरी कर लेता है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने दिनांक 09 नवंबर 2026 को थाना सिकंदरा क्षेत्र के ग्राम पाड़ली बाढ़ स्थित बालाजी मंदिर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। वहां से मंदिर की सेवादार सावित्री उर्फ जमना गिरी महाराज के 40 हजार रुपये नकद तथा कपड़े-बर्तन चोरी कर ले गया था।

पुलिस ने आरोपी को पीसी रिमांड पर लिया है, जिससे पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है। पुलिस को आरोपी से अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड

आरोपी मुकेश नाथ के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज प्रकरणों का विवरण निम्नानुसार है—

* मु.नं. 37/01-02-2025, चार्जशीट नं. 152/22-12-2025, धारा 305(ए) बीएनएस, थाना तूंगा।

* मु.नं. 151/02-06-2023, चार्जशीट नं. 142/23-06-2023, धारा 379 आईपीसी, थाना रामगढ़ पचवारा, जिला दौसा।

* मु.नं. 36/11-04-2021, चार्जशीट नं. 30/28-05-2021, धारा 452, 380 आईपीसी, थाना पीलोदा, जिला सवाई माधोपुर।

* मु.नं. 58/15-05-2020, चार्जशीट नं. 58/11-07-2020, धारा 454, 380 आईपीसी, थाना गंगापुर सिटी, जिला सवाई माधोपुर।

* मु.नं. 95/11-05-2018, चार्जशीट नं. 78/30-05-2018, धारा 380 आईपीसी, थाना बस्सी, जयपुर शहर पूर्व।

* मु.नं. 66/07-03-2018, चार्जशीट नं. 206/26-12-2026 (मूल रिकॉर्ड में अंकित), धारा 454, 380 आईपीसी, थाना सपोटरा, करौली।

* मु.नं. 125/14-03-2018, चार्जशीट नं. 169/30-06-2018, धारा 380 आईपीसी।

* मु.नं. 237/17-05-2018, चार्जशीट नं. 298/12-07-2018, धारा 379 आईपीसी, थाना कोतवाली दौसा।

* मु.नं. 112/26-05-2018, चार्जशीट नं. 119/21-06-2018, धारा 380 आईपीसी, थाना रामगढ़ पचवारा, दौसा।

* मु.नं. 95/11-05-2018, चार्जशीट नं. 78/30-05-2018, धारा 380 आईपीसी, थाना तूंगा, जयपुर शहर पूर्व।

* मु.नं. 227/08-05-2010, चार्जशीट नं. 128/28-05-2010, धारा 341, 323 आईपीसी।

* मु.नं. 486/12-11-2026, धारा 305(ए) बीएनएस, थाना सिकंदरा, जिला दौसा।

* मु.नं. 487/13-11-2026, धारा 305(ए) बीएनएस, थाना सिकंदरा, जिला दौसा।

पुलिस टीम का विवरण

* श्री सुरेंद्र सिंह, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी, थाना सिकंदरा।


* श्री संजय सिंह, एएसआई, थाना सिकंदरा।

* श्री उम्मेद सिंह, कांस्टेबल नंबर 856, थाना सिकंदरा।

* श्री अजीत सिंह, कांस्टेबल नंबर 1231, थाना सिकंदरा, जिला दौसा।

— Suraj Poswal

जागा PWD विभाग, एक किलोमीटर तक सड़क किनारे चला सफाई अभियान 181 पोर्टल पर शिकायत मिलते ही हरकत में आया विभाग



बाम्बोली गांव में शिकायत के बाद जागा PWD विभाग, एक किलोमीटर तक सड़क किनारे चला सफाई अभियान

181 पोर्टल पर शिकायत मिलते ही हरकत में आया विभाग

ग्रामीण की शिकायत के बाद आखिरकार पीडब्ल्यूडी विभाग की नींद खुल गई। रामगढ़ पंचायत समिति की बाम्बोली ग्राम पंचायत में हिंगोटिया के बास तक सड़क के दोनों तरफ सफाई अभियान चलाकर रास्ते को साफ कराया गया। विभाग की टीम ने जेसीबी की मदद से सड़क किनारे उगी घास, पड़ी लकड़ियां और अन्य सामान हटाया।

ग्रामीण रमेश जाटव ने बताया कि हिंगोटिया से बाम्बोली गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर करीब एक किलोमीटर तक सड़क के दोनों तरफ घास उगी हुई थी। जगह-जगह लकड़ियां और अन्य सामान पड़े होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण सड़क किनारे हालात बदतर हो रहे थे। इस समस्या को लेकर उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 पर शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत के बाद गुरुवार को पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम एक्सईएन शाकिर हुसैन के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और देर शाम तक सफाई अभियान चलाया। शुक्रवार दोपहर 12 बजे भी जेसीबी की सहायता से सफाई कार्य जारी रखा गया।

— Rohitash Kumar, अलवर

पांच साल से कीचड़ में तब्दील खटीक मोहल्ले की सड़क, पदभार संभालते ही सरपंच ने चलाया सफाई अभियान



पांच साल से कीचड़ में तब्दील खटीक मोहल्ले की सड़क, पदभार संभालते ही सरपंच ने चलाया सफाई अभियान

मिलकपुर में गली-मोहल्लों की सफाई शुरू, सरपंच सपना नारंग ने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने का लिया संकल्प

रामगढ़। पंचायत समिति के अंतर्गत मिलकपुर ग्राम पंचायत में नई सरपंच सपना नारंग ने पदभार संभालते ही गांव की तस्वीर बदलने की पहल शुरू कर दी है। गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से गली-मोहल्लों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। खास बात यह है कि खटीक मोहल्ले में पिछले करीब पांच वर्षों से बनी गंदे पानी के भराव और कीचड़ की समस्या को प्राथमिकता से दूर किया गया है।

होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा था। इससे मोहल्लेवासियों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सरपंच सपना नारंग ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए सफाई कर्मचारियों को मौके पर भेजा और नालियों की सफाई करवाकर पानी की निकासी की व्यवस्था कराई।

शुक्रवार को भी गांव की विभिन्न गलियों और मोहल्लों में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू लगाकर कचरे की सफाई की। साथ ही कूड़ा उठाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी की गई। सरपंच के पति पंकज उर्फ पन्ना सेठ भी लगातार अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

सरपंच सपना नारंग ने सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि गांव में नियमित सफाई होनी चाहिए। अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव की प्रत्येक गली का निरीक्षण किया जा रहा है और जहां भी समस्या सामने आएगी, उसका मौके पर समाधान करवाया जाएगा।

गांव में लंबे समय बाद शुरू हुए सफाई अभियान की ग्रामीणों ने सराहना की। अभियान के दौरान पंचायत के पंच और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

— Rohitash Kumar, अलवर

राजस्थान रोडवेज ने बाइक सवार को मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत



राजस्थान-हरियाणा बॉर्डर पर मौत बनकर दौड़ी रोडवेज बस, बाइक सवार दोनों की दर्दनाक मौत

एक ने मौके पर तोड़ा दम, दूसरे की जयपुर ले जाते समय मौत;

— Rohitash Kumar, अलवर

अपराध

बीकानेर में पुलिस ने 250 से अधिक चालान, 26 वाहन जब्त, 40 हिस्ट्रीशीटरों पर पाबंदी



बीकानेर पुलिस ने इंस्पेक्टर जनरल ओमप्रकाश के निर्देश पर प्रिवेंटिव एक्शन जारी किया, जिसमें ए श्रेणी नाकाबंदी, काले शीशे, बिना नंबर वाले वाहनों और ट्रैफ़िक नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में 250 से अधिक चालान जारी किए गए, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती बरती गई, 26 वाहन जब्त किए गए और 185 मामलों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत दर्ज किया गया। कई लोगों को पाबंदी की गई।

हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। शहर के सभी थानों में 79 हिस्ट्रीशीटरों से पूछताछ की गई, जिसमें 40 पर पाबंदी की कार्रवाई हुई। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 26 लोगों को भी कार्रवाई का सामना करना पड़ा।

कुल मिलाकर 60 पुलिस रिपोर्टों के तहत विभिन्न कार्रवाई दर्ज की गई। यह कदम बीकानेर में ट्रैफ़िक सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

— Debu Ram, बीकानेर

स्थानीय

रेलवे के प्रस्तावित बदलाव पर उठे सवाल, भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस का पुराना रूट बरकरार रखने की मांग

रेलवे के प्रस्तावित बदलाव पर उठे सवाल, भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस का पुराना रूट बरकरार रखने की मांग

ट्रेन संख्या 14803/14804 वर्तमान में सूरतगढ़ से चलकर पीलीबंगा, हनुमानगढ़, संगरिया, मंडी डबवाली, बठिंडा और फरीदकोट होते हुए फिरोजपुर तक पहुंचती है। इस रेलमार्ग से लंबे समय से जुड़े यात्रियों का कहना है कि ट्रेन उनके लिए आवागमन का महत्वपूर्ण साधन है। इसके मार्ग में बदलाव होने से हजारों दैनिक यात्रियों के साथ-साथ दूरस्थ क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी हो सकती है।

इस ट्रेन की उपयोगिता धार्मिक यात्राओं के लिहाज से भी काफी अधिक है। अमृतसर स्थित सचखंड श्री हरमंदिर साहिब और डेरा ब्यास जाने वाले श्रद्धालु इसका लाभ उठाते हैं। वहीं विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और उपचार के लिए यात्रा करने वाले मरीजों के लिए भी यह रेल सेवा सुविधाजनक बनी हुई है।

मामले को लेकर जिला रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन हनुमानगढ़ तथा संगरिया-डबवाली क्षेत्र के विभिन्न संगठनों और नागरिकों की ओर से रेल मंत्री को ई-मेल के माध्यम से आपत्ति दर्ज करवाई गई है। इसमें रेलवे के प्रस्तावित निर्णय पर पुनर्विचार करने और वर्तमान रेलमार्ग को यथावत रखने की मांग की गई है।

एसोसिएशन के वित्त सचिव प्रदीप मित्तल एवं संगरिया के डिप्टी कमल शर्मा ने भी इस विषय पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विस्तार होना चाहिए, न कि पहले से उपलब्ध महत्वपूर्ण सेवाओं में कटौती जैसी स्थिति पैदा होनी चाहिए।

क्षेत्र के लोगों की मांग है कि रेलवे यात्रियों की सुविधा और जनहित को प्राथमिकता देते हुए भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस का मौजूदा संचालन मार्ग बरकरार रखे। अब देखना होगा कि रेलवे प्रशासन और रेल मंत्रालय इस मांग पर क्या निर्णय लेते हैं।

— Yash karyani

अवकाश घोषित



सवाई माधोपुर | चतुर्थ चरण में पंचायत समिति सवाई माधोपुर, वजीरपुर, चौथ का बरवाड़ा एवं गंगापुर सिटी के मतदान केन्द्रों पर 14 नवम्बर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक एवं जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए 16 नवम्बर को सुबह 7 से 6 बजे तक पंच एवं सरपंच पद के लिए मतदान किया जाएगा। पंच एवं सरपंच पद के लिए मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद मतगणना की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने बताया कि पंचायती राज चुनाव के सम्बन्ध में मतदान दलों की रवानगी शुक्रवार को होगी। 15 नवम्बर को पंच / सरपंच के लिए नामांकन प्रक्रिया होगी। जिन विद्यालय भवनों में मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, उनमें 13 से 17 नवम्बर तक स्थानीय अवकाश घोषित किया गय

— Vipin Singhal

हिमालयन गिद्ध अंधेपन से उड़ नही पा रहा था, उपचार किया



सवाईमाधोपुर | वन्यजीव चिकित्सालय रणथंभौर टाइगर

रिजर्व के चिकित्सक ने हिमालयन गिद्ध की आंखो में आए अंधेपन का उपचार किया। चिकित्सा के बाद गिद्ध को सामाजिक वानिकी के वन कर्मचारियो की निगरानी में रखा गया है। रणथंभौर वन्यजीव चिकित्सालय के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. चन्द्रप्रकाश मीना ने बताया कि सामाजिक वानिकी भगवतगढ़ का स्टाफ हिमालयन गिद्ध लेकर वन्यजीव चिकित्सालय रणथंभौर टाइगर रिजर्व पहुंचा। गिद्ध की आंखो में अंधापन होने से वह उड़ नही पा रहा था। हिमालयन गिद्ध को वन्यजीव चिकित्सालय रणथंभौर में विटामिन, फ्लूइड देकर चिकित्सा की गई। इसके बाद गिद्ध को सामाजिक वानिकी के वन कर्मचारियो की निगरानी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि हिमालयन गिद्ध महत्वपूर्ण पक्षी है, जो घातक बीमारियो पर नियंत्रण के साथ प्रकृति का सफाईकर्मी हैं। जो वन हेल्थ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर जूनोटिक बीमारियो पर नियंत्रण करता है। प्राकृतिक जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के साथ एंथेक्स, बोटुलिज्म, रेबीज

— Vipin Singhal